SHRI RAJU BISTA (DARJEELING): On behalf of the people from Darjeeling hills, Terai and Dooars, I want to thank you for the various railway projects in our region, including the recently announced Rs 129 crore Siliguri Diesel Locoshed Expansion. I also take this opportunity to request for the development of the Namo Bharat Rapid Rail system connecting Siliguri to surrounding areas. Siliguri serves as a critical transit hub and tourist stopover for destinations like Darjeeling, Sikkim, and Dooars and is also a major commerce and trade centre linking Bihar, Sikkim, Assam, and shares international borders with Bhutan, Nepal, and Bangladesh. The development of modern rail facility will boost the development of Darjeeling hills, Terai and Dooars region and benefit over 3 crore residents of entire North Bengal region, and will improve connectivity by offering a fast, safe, and eco-friendly alternative to road travel. The proposes rail system will cover Siliguri to Malda - via Bagdogra, Naxalbari, Khoribari, Adhikari, Batasi, Bidhannagar, Chopra, Islampur, Raiganj, and Malda; Siliguri to Hashimara/Kalchini - via, Sevoke, Bagrakote, Oodlabari, Mal Bazar, Chalsa, Nagrakata, Banarhat, Birpara, and Hashimara/Kalchini; and in the future, connecting Siliguri to Rangpo, once the Sevoke-Rangpo Rail Line is operational.

(ends)

Re: Need to run new trains from Gorakhpur to Delhi and Mumbai via Anandnagar-Siddharthnagar-Barhni-Gonda in Uttar Pradesh

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : मैं सरकार का ध्यान गोरखपुर–आनंद नगर–सिद्धार्थनगर–बढ़नी–बलरामपुर–गोंडा रेल मार्ग पर यात्री सुविधाओं की अत्यंत कमी की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। यह मार्ग गोरखपुर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, गोंडा और बहराइच जैसे जिलों के करोड़ों लोगों के लिए जीवन रेखा के समान है, किंतु इसके बावजूद यहाँ से प्रमुख महानगरों के लिए समुचित ट्रेन सेवाएँ उपलब्ध नहीं हैं। जनता की यह प्रबल माँग है कि वंदे भारत, अमृत भारत और अन्य तेज़गति ट्रेन सेवाओं की शुरुआत गोरखपुर से दिल्ली और मुंबई के लिए इस मार्ग से की जाए। वर्तमान में यात्रियों को लंबा और असुविधाजनक मार्ग अपनाना पड़ता है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापारिक अवसरों में भारी बाधा उत्पन्न होती है। मैं रेल मंत्रालय से आग्रह करता हूँ कि वह इस मार्ग की यात्री आवश्यकताओं का शीघ्र आकलन करे और इस क्षेत्र की सेवा हेतु नई ट्रेनों की स्वीकृति दे, जिससे इस पिछड़े लेकिन महत्वाकांक्षी पूर्वांचल क्षेत्र का समुचित विकास संभव हो सके। (इति)

Re: Need to renovate Malda airport in West Bengal for defence purposes

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : मैं, आपके समक्ष अपने क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़ी एक अति महत्वपूर्ण आवश्यकता प्रस्तुत कर रहा हूँ। मालदा जिला भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित है, जो लगभग 165.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है। यह क्षेत्र रणनीतिक दृष्टि से अन्यंत संवेदनशील है। मालदा में 1962 में 144 एकड़ भूमि पर एयरपोर्ट का निर्माण हुआ था, परंतु रनवे की लंबाई केवल 1,097 मीटर होने के कारण इसका संचालन नहीं हो सका। वर्तमान में निकटतम कार्यरत सक्रिय हवाई अड्डे बागडोगरा (241 किलोमीटर) और कोलकाता (323 किलोमीटर) की दूरी पर स्थित हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में किसी भी संभावित सुरक्षा खतरे की मुकाबला करने के लिए मालदा एयरपोर्ट का पुनरुद्धार और उसे रक्षा उपयोग के लिए विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। तो अनुरोध है कि क्षेत्र में नई भूमि खोजी जाए। यह प्रयास न केवल सीमावर्ती सुरक्षा बलों की त्वरित पहुँच सुनिश्चित करेगा बल्कि क्षेत्र में रणनीतिक लाभ भी प्रदान करेगा। अतः मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि मालदा एयरपोर्ट को रक्षा उपयोग के लिए पुनरुद्धारित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर नई भूमि की खोज करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँ।

(इति)

Re: Need for an effective policy to curb increasing incidents of drug abuse among youth in the country

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : भारत विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है, लेकिन आज हमारा देश नशे की बढ़ती लत की समस्या से जूझ रहा है। देश में 35 वर्ष से कम उम्र के लगभग 65 प्रतिशत युवा है और ऐसे में युवाओं के बीच नशे का बढ़ता चलन देश के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। देश में नशा व्यापार का केंद्र भी बनता जा रहा है और ये कारोबार लगभग 15 लाख करोड़ रु. प्रतिवर्ष से अधिक का है और देश की 14.6 प्रतिशत आबादी नशे की गिरफ्त में है । देश में 10 से 17 वर्ष के 1.48 करोड़ बच्चे शराब, कोकेन, अफ्रीम, गांजा आदि का सेवन कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में असम, मेघालय, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड जैसे राज्य नशीले पदार्थों के तस्करों के लिए प्रमुख लक्ष्य बन गए हैं। NCRB के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में 10560 लोगों ने नशे की लत से परेशान होकर आत्महत्या की थी, वहीं वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 11500 से अधिक था। गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्याँमार) भारत के लिए अवैध ड्रग तस्करी के केंद्र हैं। सरकार से अनुरोध है कि देश को नशा मुक्त बनाने के लिए एक सशक्त नीति लागू की जाए।

(इति)

Re: Need to introduce a dedicated Rural Assistive Technology Scheme for Divyangjan through Community Health Centres, PHC dispensary and AMRIT Pharmacies

SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI): I wish to draw the attention of the House to the urgent need for expanding access to assistive technology (AT) for persons who are differently-abled in rural India. As per the Census 2011, over 26.8 million Indians are differently abled, and 69% of them live in rural areas. Yet access to essential assistive aids remains low. A WHO-UNICEF report (2022) estimates that AT access in countries like India is as low as 3% of actual need. Another study found that rural residents, especially women and the elderly, face significantly higher unmet needs due to affordability and lack of local access. While the ADIP scheme has made progress, its impact remains largely urban-centric. Most rural divyangjans continue to buy devices out-of-pocket or go without it. I appreciate NITI Aayog's efforts to formulate a dedicated policy for boosting domestic manufacturing of ATs. However, there is an urgent need to expand last-mile access to Assistive Aids like prosthetics and smart mobility devices. I therefore urge the Ministry of Social Justice and Empowerment to introduce a dedicated Rural Assistive Technology Outreach Scheme, leveraging Community Health Centres, PHC dispensary, and AMRIT Pharmacies. This would ensure that every divyangjan has access to affordable, quality assistive devices.

(ends)

Re: Need for upgradation and modernization of Kanjikode railway station in Palakkad, Kerala

SHRI V. K. SREEKANDAN (PALAKKAD): The upgradation or expansion of Kanjikode railway station in Palakkad into a higher-ranking railway station with all modern amenities and infrastructure is the need of the hour, since Kanjikode is central point of industrial activities in Palakkad district which is the second largest industrial district in Kerala. Apart from that, Palakkad is a part of centrally sponsored Kochi-Bengaluru Industrial Corridor and a Hi Tech Industrial Smart City is also going to come up there . The proposed Kochi-Bengaluru Industrial Corridor and a Hi Tech Industrial Smart City and the work on which is progressing, is expected to create a township at Kanjikode to meet all kinds of needs. Many multinational companies and Indian corporate companies and firms will put up their business establishments in Kanjikode and this will provide employment for over a lakh of people directly or indirectly. This Industrial Corridor will change the demography of Kanjikode in a big way. Redevelopment of Kanjikode railway station is also supportive steps to accelerate the pace of development towards the proposed Industrial Corridor. All these going to increase the need for a bigger railway station with facilities, including for cargo movement. Therefore, I urge that Kanjikode railway station be upgraded urgently. (ends)

Re: Need to establish a robust monitoring system to prevent children from harmful effects of online social media contents

श्री मुरारी लाल मीना (दौसा) : मैं आपका ध्यान एक गंभीर और संवेदनशील विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ — "अश्लील रील्स और वीडियो का बच्चों पर मानसिक व सामाजिक दुष्प्रभाव पद रहा है। आज इंटरनेट और मोबाइल की पहुँच ने जहां ज्ञान को आसान बनाया है, वहीं बिना किसी रोकटोक के अश्लील सामग्री बच्चों तक भी सरलता से पहुँच रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, विशेष रूप से यूट्यूब और इंस्टाग्राम, पर उपलब्ध अश्लील रील्स बच्चों के मानसिक विकास को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं। इस उम्र में बच्चे जो देखते हैं, वही उनके विचारों और व्यवहार को आकार देता है। अश्लील कंटेंट उन्हें विकृत सोच की ओर ले जाता है, जिससे उनके रिश्तों, आत्मविश्वास और सामाजिक व्यवहार में असंतुलन पैदा होता है। इससे शिक्षा में ध्यान भटकता है, और कई बार यह यौन हिंसा या शोषण जैसे गंभीर खतरों को जन्म देता है। इस दिशा में सरकार को सख्त निगरानी तंत्र बनाना चाहिए, अभिभावकों व शिक्षकों को जागरूक किया जाना चाहिए और तकनीकी उपाय जैसे पैरेंटल कंट्रोल व कंटेंट फिल्टर अनिवार्य किए जाने चाहिए। बच्चों को एक सुरक्षित और स्वस्थ डिजिटल भविष्य देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

(इति)

Re: Need to include Sasthamkotta Lake in Kollam district, Kerala under the National Plan for Conservation of Aquatic Ecosystems and other rejuvenation schemes of Government

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Sasthamkotta Lake, located in Kollam district, is the largest freshwater lake in Kerala and a major drinking water source for over 10 lakh people in the region. Despite its ecological and livelihood importance, the lake has witnessed alarming degradation due to unchecked pollution, encroachments, siltation, and lack of proper conservation efforts. I urge the Hon'ble Minister of Jal Shakti to take immediate steps to include Sasthamkotta Lake under the National Plan for Conservation of Aquatic Ecosystems (NPCA) and other central rejuvenation schemes. A time-bound action plan involving both State and Central agencies is essential for restoring the lake's biodiversity, protecting drinking water security, and ensuring the environmental sustainability of the region. The Government must prioritize the revival of Sasthamkotta Lake on an urgent basis.

(ends)

Re: Need to expedite construction of railway line on Saramthura-Gangapur via Karauli route under second phase of Dholpur-Saramthura railway line project in Rajasthan

श्री भजन लाल जाटव (करौली-धौलपुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर में संचालित रेलवे परियोजना धौलपुर -सरमथुरा रेलवे परियोजना के द्वितीय चरण (सरमथुरा से गंगापुर बाया करौली) की घोषणा वर्ष 2022-23 में की गई थी, जिससे करौली-धौलपुर क्षेत्र के लाखों लोगों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलने की आशा जगी थी। किंतु खेद की बात है कि इस परियोजना के द्वितीय चरण का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अभी तक पूर्ण नहीं की गई है और भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृति तथा वित्तीय स्वीकृति जैसे आवश्यक प्रक्रियाओं में भी अत्यधिक विलंब हो रहा है। मैं स्वयं इस परियोजना की प्रगति पर निकट निगरानी रख रहा हूँ। करौली पूरे राजस्थान में एक मात्र ऐसा जिला है जहाँ आज़ादी के इतने साल बाद भी अभी तक रेल सुविधा नहीं है। अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि इस परियोजनाओं के लिए यथाशीघ्र डीपीआर तैयार कर, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाया जाए। जिससे क्षेत्र के लोगों को शीघ्र अति शीघ्र रेल सेवा का लाभ मिल सके।

(इति)

Re: Need to fix the daily prices of Gold and Silver in transparent manner

KUMARI SUDHA R. (MAYILADUTHURAI): The current spike in the retail gold prices is a cause of concern for common people. The gold prices have nearly doubled in the past three years. It has increased by about 300% since the BJP government came to power in 2014. It has risen from Rs 28,006 per 10 grams of 24 carat gold, to Rs 91,000-plus now. Silver too has seen a similar spike, and is selling at Rs. 126 per gram. It is grossly unnatural and not genuine. Though Indian Bullion & Jewellers Association (IBJA) claims to be fixing the daily prices of gold based on global gold prices, taxes and currency value fluctuation globally, the process is opaque. I request the Government to take over the fixing the daily prices of gold and silver in a transparent manner. The Ministry of Finance should delink the prices of physical gold from virtual paper-gold to separate physical gold from paper gold or buy virtual gold as hedge fund. Delink the prices of physical gold from these virtual and paper gold so that the common man and middle class families actually buying gold for family functions will be insulated from those who invest on paper gold or buy virtual gold as hedge fund.

(ends)

Re: Non-availability of fertilizers to farmers in Banda Parliamentary Constituency

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल (बांदा) : मेरा संसदीय क्षेत्र बांदा (उत्तर प्रदेश) पूर्णतया कृषि आधारित अर्थव्यवस्था वाला क्षेत्र है। जहां आज भी 80 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। बढ़ते रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से जहां मृदा स्वास्थ्य खराब हो रहा है वंही पर्यावरण पर भी इसका प्रतिकूल असर हो रहा है। मै जानना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र एवं बुन्देलखण्ड की खेती में उर्वरकों पर निर्भरता कम करने हेतु क्या प्रयास किये जा रहे है?

प्राय: मैने अपने क्षेत्र भ्रमण मे पाया है कि किसानों को समय से आवश्यक उर्वरक सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध नही हो पाता है और कई बार इसका उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिलता है। इस विषय पर क्या विशेषकर बुन्देलखण्ड क्षेत्र हेतु सरकार का कोई प्रयास है? यदि हां तो विवरण उपलब्ध करायें।

रासायनिक उर्वरकों के विषय में आज बाजार में अनेकों उत्पादक कंपनियां ऐसी हैं जो व्यवसाय में अत्यधिक लाभ के चलते गुणवत्ता मानकों के साथ खिलवाड़ कर रही हैं एवं किसानों को आर्थिक रूप से कमजोर बनाती जा रही है। इस दिशा में सरकार कोई ठोस कदम उठाने की कृपा करें जिससे किसानों को लाभ एवं फसल में गुणवत्ता मिल सके।

(इति)

Re: Need to comply with the order of Supreme Court to constitute the Haj Committee as per Haj Act, 2002

SHRI MOHIBBULLAH (RAMPUR): The formation of the Haj Committee of India is crucial for the welfare of minority community as mandated under the Haj Act 2002. However, despite the Supreme Court's directive on March 27, 2023, to constitute the committee within three months, the Ministry is yet to comply. The Ministry's April 2022 attempt to form an 8-member committee is against the Act's provisions, which require a 23-member committee with 19 elected members. The Supreme Court's subsequent order on April 29, 2024, directing the committee's formation by August 31, 2024, has also been disregarded. I urge the government to immediately constitute the Haj Committee as per the Haj Act 2002 and comply with the Supreme Court's orders to ensure smooth arrangements and facilities for Haj pilgrims.

(ends)

Re: Need to establish a Health and Wellness Centre in Durgapur, West Bengal

SHRI KIRTI AZAD (BARDHAMAN-DURGAPUR): I rise to urgently highlight the need for a dedicated Health and Wellness Center (HWC) in Durgapur, West Bengal. As the third-largest urban agglomeration in the state, with a population of over 740,000 in 2025, Durgapur is Eastern India's most industrialized city and a major economic hub. Given Durgapur's convenient connectivity to surrounding areas, setting up the HWC there will enable it to serve a broader population, including regions such as Bolpur, Bankura, Bardhaman East, and Bardhaman West. It also hosts large industries such as the Durgapur Steel Plant, Chittaranjan Locomotive Works, major thermal power plants, and numerous public sector undertakings, employing a vast workforce. Despite its vital role in India's industrial output and employment generation, Durgapur lacks a comprehensive HWC. Existing healthcare infrastructure, including hospitals and clinics, is fragmented and often limited to basic care. With over 430 industrial units now operating in the region—up from just 46 in 1951—this omission is a significant oversight given Durgapur's rapid growth and rising population. Central government employees, public sector staff, and industrial workers in Durgapur deserve integrated, modern healthcare services that ensure their well-being. Therefore, I strongly urge the government to take prompt action to establish a HWC in Durgapur. (ends)

Re: Need to set up a full-fledged Aadhaar Facilitation Centre in Jhargram Parliamentary Constituency

SHRI KALIPADA SAREN KHERWAL (JHARGRAM): I would raise to highlight an important issue affecting a portion of the population in my Parliamentary Constituency, Jhargram. Despite the widespread importance of Aadhaar as an individual identity document for accessing various government schemes, banking services, and welfare benefits, many residents of my constituency continue to face persistent challenges related to Aadhaar enrolment and updates. Currently, there is no dedicated Aadhaar Facilitation Centre in or around Jhargram. Residents are forced to travel long distances, often to Ranchi or other regional centres, for enrolment or biometric corrections. This travel is costly and difficult, particularly for economically weaker sections, the elderly, and persons with disabilities. Errors in biometric or demographic data often remain unresolved for months, resulting in exclusion from essential services like NFSA ration distribution, pensions, and direct benefit transfers. Jhargram, being the district headquarters and centrally located within the Jangalmahal region, is strategically positioned to serve as a hub for Aadhaar services. Establishing a permanent facilitation centre here would ensure timely, accessible, and inclusive service delivery. Therefore, I urge the Hon'ble Minister of Electronics and Information Technology through you Sir, to consider setting up a full-fledged Aadhaar Facilitation Centre in Jhargram, equipped for enrolments, biometric updates, and grievance redressal. (ends)

Re: Need to take necessary action for promoting export of Kancheepuram sarees

SHRI G. SELVAM (KANCHEEPURAM): Kancheepuram, in Tamil Nadu, is world-renowned for its exquisite handwoven silk sarees. This heritage art form not only showcases India's textile legacy but also provides livelihood to thousands of skilled weavers and artisans. However, despite the global appeal and high quality of Kancheepuram sarees, their export potential remains underutilized due to several challenges such as lack of direct market access, inadequate branding, limited participation in international trade fairs, absence of e-commerce export infrastructure and Low Awareness About GI Protection Internationally. To address these issues and promote Kancheepuram sarees globally, I urge Government to take following steps: Establish a dedicated Silk Export Promotion Hub in Kancheepuram with warehousing, testing, and branding support. Include Kancheepuram sarees under One District One Product (ODOP) with special export incentives. Facilitate global marketing through GI-tag based branding and digital platforms. Organize road-shows and participation in international textile expos under the India Handloom Brand. Provide financial assistance to weavers' cooperatives and entrepreneurs for capacity building and compliance with export standards. Therefore, I request the Hon'ble Minister of Commerce & Industry and Textiles to consider this matter with due seriousness and take necessary action for promoting export of Kancheepuram sarees. (ends)

Re: Need to consider Konaseema district in Andhra Pradesh as a regular centre for entrance and recruitment examinations

SHRI G. M. HARISH BALAYOGI (AMALAPURAM): The Konaseema district of Andhra Pradesh is home to a large and aspirational youth population, many of whom are actively preparing for competitive examinations. These include recruitment exams conducted by central agencies such as the UPSC, SSC, IBPS, and RRB, as well as entrance exams like JEE and NEET conducted by the NTA. Despite this, the district currently lacks designated centres for these central-level examinations. As a result, candidates must travel to cities such as Rajahmundry, Kakinada, or Vijayawada, imposing significant financial and logistical challenges—especially for students from rural or economically disadvantaged backgrounds. This lack of local examination facilities undermines equitable access and can lead to hardship, absenteeism, and missed opportunities, even for well-prepared aspirants. Notably, Konaseema has substantial infrastructure, including government and private educational institutions, digitally enabled schools, and administrative support, which could be effectively utilized to conduct these examinations securely and efficiently. Therefore, I urge the Government and relevant examination authorities to consider designating Konaseema district as a regular centre for major

central recruitment and entrance examinations, to promote equitable access and ease the burden on local aspirants. (ends)

Re: Need to establish a Post Graduate Institute of Medical Sciences in Saharsa or Madhepura in Bihar

श्री दिनेश चंद्र यादव (मधेपुरा) : बिहार राज्य अन्तर्गत उत्तरी-पूर्वी बिहार क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र में आता है। यहां गरीबों के लिए एक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की दरकार हमेशा बनी रहती है। राजधानी पटना से दूर तमाम कोशी क्षेत्र अभी भी वैसे हैं, जहाँ गरीब और वंचितों के लिए बेहतर स्वास्थ्य-व्यवस्था का अभाव है, जबकि एम्स पटना की मौजूदा व्यवस्था एवं दरभंगा में स्वीकृत एम्स की दूरी लोगों को दिल्ली जाने के लिए विवश करती है। हालांकि एनडीए सरकार में नये-नये मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं, परन्तु मेडिकल पीजी और स्पेशलाइजेशन शिक्षा की बुनियादी सुविधाएं इस क्षेत्र से कोसों दूर है। सहरसा या मधेपुरा में उपर्युक्त परिस्थितियों और उनकी जरूरतों को देखते हुए एक पीजीआई अस्पताल खोलने की आवश्यकता है, ताकि मरीजों को एक बेहतर स्वास्थ्य सेवा की सुविधा के साथ-साथ पिछड़े क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को मेडिकल स्नातकोत्तर चिकित्सा और स्पेशलिस्ट शिक्षा के लिए अवसर मिल सकें। मैं, माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि बिहार राज्य के कोशी क्षेत्र अन्तर्गत सहरसा या मधेपुरा में एक PGIMS (पोस्टग्रेजूएट इन्स्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेज) अस्पताल खोलने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई कर स्वीकृति दिलाने की कृपा करें, ताकि मरीजों और छात्र-छात्राओं की परेशानियों को दूर किया जा सकें।

(इति)

Re: Need to take action against the practice of selling other non-required products along with fertilizers to the farmers by the fertilizer dealers/companies

श्री संजय हरिभाऊ जाधव (परभणी) : किसानों को खाद खरीदने में एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिसे "खाद लिंकिंग" कहा जाता है। इसमें किसानों को खाद के साथ-साथ अन्य उत्पादों को खरीदना अनिवार्य किया जाता है, जो उन्हें नहीं चाहिए। फिर भी ज़बरदस्ती खरीदना पढ़ता है। यह एक गैरकानूनी प्रथा है जो किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रही है। इससे किसानों को बहुत बड़ी समस्याओं का सामना करना पढ़ रहा है और खाद के साथ-साथ अन्य उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक रूप से बोझ बढ़ रहा है। यह प्रथा किसानों के हितों के विरुद्ध है जिसमें सुधार करने की आवश्यकता है। मेरा सरकार से निवेदन है कि खाद लिंकिंग की समस्या का समाधान किया जाए और किसानों को खाद खरीदने की स्वतंत्रता दी जाए तथा इस गैरकानूनी प्रथा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

(इति)

Re: Need to link Bhiwandi Road Railway Station with local train network in Maharasthra

श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे (भिवंडी) : भिवंडी एशिया मे पावरलूम और लॉजिस्टिक उद्योग का एक प्रमुख केंद्र है जो देश की अर्थव्यवस्था मे महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। औद्योगिक केंद्र होने के कारण भिवंडी मे आवासीय रियल एस्टेट को काफी बढ़ावा मिला है जिससे आबादी मे काफी बढ़ोतरी हुई है। परंतु भिवंडी रेलवे स्टेशन पर लोकल ट्रेन सेवाओं की कमी के कारण भिवंडी के नागरिको और यहाँ के उद्योग धंधों से जुडे सामान्य लोगो को आवगमन के लिए ठाणे, कल्याण जैसे समीप के स्टेशनों पर उतर कर सड़क मार्ग से होकर भिवंडी जाना पड़ता है जिस वजह से यातायात खर्च और समय दोनों की बर्बादी होती है। कनेक्टिविटी की यह कमी नागरिकों की दैनिक गतिविधियों को बाधित कर रही है। मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि भिवंडी रोड़ रेलवे स्टेशन को मौजूदा लोकल ट्रेन नेटवर्क में एकीकृत करने के लिए (विशेष रूप से सीएसटीएम – ठाणे - कलवा - मुंब्रा – दिवा – कोपर - भिवंडी रोड – खरबाव - कामन रोड – जुचंद्रा - वसई रोड लाइन से मार्गों को भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन को लक्षित करते हुए) सर्वेक्षण करके नियमित रूप से ईएमयू (इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) सेवा शुरू करवाने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need to establish a sub-centre of AIIMS in Baghpat on the lines of a sub-centre of AIIMS in Jhajjar, Haryana

डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) : माननीय अध्यक्ष महोदय बागपत जिला ऐसा जिला है, जिसका जनसंख्या घनत्व अधिक और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता अत्यंत सीमित है। यहाँ के नागरिकों को गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु दिल्ली, चंडीगढ़ स्थित पहले से बोझिल उच्च संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों स्तर पर उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु भारत सरकार निरंतर प्रयासरत है। ऐसे में एम्स का एक उप-केंद्र बागपत जिले में स्थापित किया जाता है तो यह न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश बल्कि हरियाणा और उत्तराखंड की सीमावर्ती जनता को भी सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। महोदय हरियाणा के झज्जर जिले में स्थापित एम्स का उप-केंद्र — नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट (NCI) — एक सफल उदाहरण है, जो दिल्ली AIIMS का विस्तार है। महोदय जैसे झज्जर (हरियाणा) में एम्स का सब सेंटर स्थित है। वैसे ही बागपत में शुरूआत की जा सकती हैं। अतः मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि बागपत जिले की भौगोलिक व अन्य परिस्थितियों को देखते हुए बागपत जिले में एम्स का एक उप-केंद्र शीघ्र स्थापित किया जाए, जिससे बागपत जिले में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके।

(इति)

Re: Need to set up an inquiry into the import of sub-standard seamless pipes and tubes from China

SHRI SUNIL DATTATREY TATKARE (RAIGAD): The industry of seamless pipes and tubes is large and provides crucial supplies to India's energy sectors. The demand for seamless pipes in FY 2024-25 is over 1.3 million metric tonnes (MT) while production capacity is higher, at over 1.95 million metric tonnes (MT). However, the industry faces challenges from China, with imports of seamless pipes from China increasing by nearly six times between FY 2021-22 and FY 2024-25. Despite the imposition of an anti-dumping duty on seamless pipes and tubes from China, there have been allegations of bypassing these restrictions through over-invoicing and mixing imported seamless pipes and tubes with Indian manufactured seamless pipes and tubes to sell to government projects, despite the prohibition of Chinese-manufactured pipes in government-funded sectors. Further, there are also allegations of imports of sub-standard quality seamless pipes and tubes, which make their way to critical sectors like energy. These are serious allegations which merit further investigation, and if found true, would necessitate prompt action. Considering the above, I humbly urge the Minister to look into the matter and open an inquiry into the matter of imports of seamless pipes and tubes from China. This would help realise the PM's vision for Make in India.

(ends)

सीमा-शुल्क अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन के अनुमोदन के बारे में सांविधिक संकल्प

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी): सभापति महोदय, मैं अपने वरिष्ठ सहयोगी श्रीमती निर्मला सीतारमण जी की ओर से, प्रस्ताव करता हूं: -

> "कि यह सभा सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8 के अनुसरण में, एतद्द्वारा अधिसूचना संख्या 27/2025-सीमाशुल्क दिनांक 30 अप्रैल, 2025 [सा.का.नि.277(अ), दिनांक 30 अप्रैल, 2025] का अनुमोदन करती है, जिसका आशय सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की दूसरी अनुसूची में संशोधन करना है ताकि वित्त अधिनियम, 2025 के द्वारा सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की पहली अनुसूची में किए गए परिवर्तनों के साथ विशिष्ट प्रविष्टियों को संरेखित किया जा सके।" … (<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि यह सभा सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8 के अनुसरण में, एतद्द्वारा अधिसूचना संख्या 27/2025-सीमाशुल्क दिनांक 30 अप्रैल, 2025 [सा.का.नि.277(अ), दिनांक 30 अप्रैल, 2025] का अनुमोदन करती है, जिसका आशय सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की दूसरी अनुसूची में संशोधन करना है ताकि वित्त अधिनियम, 2025 के द्वारा सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की पहली अनुसूची में किए गए परिवर्तनों के साथ विशिष्ट प्रविष्टियों को संरेखित किया जा सके।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : संसदीय कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू जी।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Kalyan ji, I have given an opportunity to hon. Minister of Parliamentary Affairs. I will not allow you. … (*Interruptions*)

संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू) : सर, आज मैं इस सदन में जो हालत देख रहा हूं, उसे देखकर मैं मन से बहुत दु:खी हूं।… (व्यवधान) सभी पार्टियों ने मिलकर, आज जो बहुत ही महत्वपूर्ण नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल है, इस पर चर्चा करके इसे पारित करने के लिए समय तय किया था।… (व्यवधान) हमने भी ऑपोजीशन की मांग पर इन दो महत्वपूर्ण बिल्स पर दो दिनों की चर्चा के लिए तय किया था।… (व्यवधान) इसे सबने माना था, पर इसके बावजूद भी आज जब देश में खेल और खिलाड़ियों के लिए इतने महत्वपूर्ण बिल को लेकर सरकार आयी है, तो विपक्ष के सारे मेम्बर्स इस तरह से हंगामा करके बिल पर चर्चा होने पर रोक लगा रहे हैं, यह ठीक नहीं है।… (व्यवधान) आपकी यह हरकत हमारे देश के युवाओं के खिलाफ माना जाएगा।… (व्यवधान) आप लोगों ने पहले कहा था कि स्पोर्ट्स बिल इम्पॉर्टेन्ट है, स्पोर्ट्स पर चर्चा करने के लिए सबने एग्री किया था, फिर यह हंगामा क्यों कर रहे हैं? … (व्यवधान)

सर, मैं फिर से अपील करना चाहता हूं कि जो ऑल-पार्टी मीटिंग में हमने तय किया, बिजनेस एडवाइज़री कमेटी में टाइम एलॉट किया गया, उसको फिर यहां इस सदन में आकर इस तरह से हंगामा करके बर्बाद न करें।… (व्यवधान) स्पोर्ट्स मिनिस्टर बिल पर चर्चा करने के लिए रेडी हैं और आप लोगों की तरफ से ही पहले इस पर बोलना है।… (व्यवधान) मुख्य ऑपोजीशन पार्टी कांग्रेस पार्टी की तरफ से ही पहले इस पर बोलना है।… (व्यवधान) आप लोग अपनी बात तो नहीं कह रहे हैं और आप बाकी मेम्बर्स का टाइम भी खराब कर रहे हैं।… (व्यवधान)

सर, मैं इसका खंडन करना चाहता हूं।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : ज्योति जी, अमर जी, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने कहा कि नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 और द नेशनल एंटी डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल, 2025, इन दोनों महत्वपूर्ण बिल्स पर बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में आपने दो दिनों की चर्चा के लिए सहमति दी थी।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : जब भारत सरकार 129 सालों में पहली बार वर्ष 2036 के ओलम्पिक के लिए बिड करने जा रही है, तो देश के खिलाड़ियों के लिए, देश में खेल के लिए, इससे महत्वपूर्ण बिल कोई हो नहीं सकता।

… (व्यवधान)

(1410/AK/MY)

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): Shrimati Satabdi Roy Banerjee, you are a very senior Member.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I will request you to kindly ask Shri Kalyan Banerjee to at least take his seat.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति: आज संसदीय कार्य मंत्री जी आपसे क्या अपील कर रहे हैं? बर्वे जी, हम चर्चा कर रहे हैं। आप अपनी चेयर पर जाइए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: हमारे तमिलनाडु के भी कुछ साथियों ने सुश्री आर. सुधा जी के बारे में बात कही थी। आज सुबह हमारे माननीय सदस्या आर. सुधा जी माननीय अध्यक्ष जी से मिली थीं। अध्यक्ष जी ने तुरंत कार्रवाई के लिए आदेश दिए हैं। उन्होंने इसका संज्ञान लिया है। उन्होंने दिल्ली पुलिस को सख्त कार्रवाई के लिए आदेश दिया है, लेकिन मैं एक बात कह देना चाहता हूं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: ज्योति जी, श्यामकुमार दौलत बर्वे जी, मैं आपसे कहना चाहता हूं। मैं सभी सदस्यों से कहना चाहता हूं।

हैबी ईडन साहब, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी स्पोर्ट्स पर अपील कर रहे हैं। मनसुख मांडविया जी, क्या आप कुछ कहना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

श्रम और रोजगार मंत्री तथा युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया): माननीय सभापति महोदय, स्पोर्ट गवर्नेंस बिल वह बहुत महत्वपूर्ण बिल है, जो सालों से लंबित है और इंटरनेशनल ओलंपिक काउन्सिल के साथ अलाइन होना है।… (व्यवधान) यह बहुत आवश्यक होता है। गुड गवर्नेंस के लिए स्पोर्ट बिल का महत्व है। सम्मानीय हाई कोर्ट ने भी बार-बार कहा है कि स्पोर्ट्स में गुड गवर्नेंस के लिए एक लॉ बनाना चाहिए। गुड गवर्नेंस से देश के स्पोर्ट्स फेडरेशन में एक अच्छी इको-सिस्टम क्रिएट हो सकती है। इसलिए, मैं आपके माध्यम से सम्माननीय सदस्यों से रिक्वेस्ट करता हूं कि इस महत्वपूर्ण बिल को चर्चा में लें और इसको पारित करें।… (व्यवधान)

माननीय सभापति: माननीय खेल मंत्री जी ने भी अपील किया है। आज कोर्ट का भी आदेश है कि हम ओलंपिक कराने के लिए इस बिल पर चर्चा करें। हमारे भारत के चाहे एंटी डोपिंग हो या स्पोर्ट्स गवर्नेंस का बिल हो, इनको हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना चाहते हैं। क्या आप इस बिल पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं? जब माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने कह दिया कि इस बिल पर चर्चा के लिए बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में तय हुआ है। उसके बाद दो दिन का समय दिया गया। माननीय खेल मंत्री जी अपील कर रहे हैं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: जब से सदन चल रहा है, लोक सभा चला है, पूरा देश आपको देख रहा है। अभी तक एक बिल भी पारित नहीं हुआ है। आप देश की जनता के लिए, कानून बनाने के लिए चुन कर आए हैं। आप ऐसे ही नहीं आए हैं।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You have been elected to make legislations on the floor of the House, but right from day one आज तक एक बिल भी नहीं पास हुआ है। देश की जनता आपको देख रही हैं। देश की जनता विपक्ष के सांसदों या किसी जन प्रतिनिधि को चुन कर भेजती हैं कि वे देश की पार्लियामेंट में कानून बनाएंगे। मैं आपसे आग्रह करता हूं। आज सदन में यह तीसरा सप्ताह शुरू हो गया। यह थर्ड वीक है। इस थर्ड वीक में भी कोई बिल पारित नहीं हुआ है। देश की पूरी जनता आप सभी को देख रही हैं। जनता सदन में कानून बनाने के लिए आपको चुन कर भेजती हैं। यहां कानून बनाने के बजाए आप सदन को बाधित कर रहे हैं। आप सदन में शोरगुल कर रहे हैं।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Kalyan Banerjee, what for have you been elected?

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: It is your responsibility to participate in debates and make legislations.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति: माननीय सदस्यगण, इस तरह से सदन नहीं चलेगा। आप माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी की अपील नहीं मान रहे हैं। आप स्पोर्ट्स मिनिस्टर की बात नहीं मान रहे हैं। आप देश के लाखों खिलाड़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। क्या ऐसी स्थिति में चर्चा संभव हैं? मैं आपसे फिर अपील करता हूं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 5 अगस्त, 2025 को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1414 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 5 अगस्त 2025 / 14 श्रावण, 1947 (शक)
के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।